राजस्थान पुलिस अकादमी उत्तरी जोन में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित

केन्द्रीय गृह मन्त्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अकादमी की प्रतिस्पर्द्धा में राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी भारत की सर्वश्रेष्ठ अकादमी घोषित किया गया है। इस चयन प्रक्रिया में राजस्थान पुलिस अकादमी ने उत्तर जोन के विभिन्न राज्यों यथा जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली की पुलिस अकादमियों से कडी प्रतिस्पर्द्धा की।

अन्तिम रुप से राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी जोन की सर्वश्रेष्ठ अकादमी घोषित किया गया है। यह चयन अकादमी के निर्धारित मानकों, आधारभूत प्रशिक्षण, रखरखाव तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता के आधार पर किया गया है। इस चयन पर केन्द्रीय गृह मन्त्रालय की ओर से दो लाख रुपये की इनामी राशि आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रदान की जाएगी।

दिनांक 24.11.2016 को महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में इस आशय की पुष्टि की गई है तथा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी भारत की सर्वश्रेष्ठ अकादमी के चयन की उपलब्धि पर अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत को बधाई दी है।

अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने उत्तरी जोन की सर्वश्रेष्ठ अकादमी में राजस्थान पुलिस अकादमी के अन्तिम रुप से चयन पर अकादमी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है तथा अकादमी को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अकादमी बनाने के सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आह्वान किया है।